# मार्गदर्शित पिनाका शस्त्र प्रणाली

**स्रोत: पी.आई.बी.**

हाल ही में रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (Defence Research and Development Organisation- DRDO) ने **मार्गदर्शित पिनाका शस्त्र प्रणाली (Guided Pinaka Weapon System)** के परीक्षण सफलतापूर्वक पूरे कर लिये हैं। ये परीक्षण तात्कालिक आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए **प्रोविजनल स्टाफ क्वालिटेटिव रिक्वायरमेंट्स (Provisional Staff Qualitative Requirements- PSQR)** के तहत किये गए, जो कि तीन चरणों में विभिन्न फील्ड फायरिंग रेंज में पूरे हुए।

- PSQR मापदंडों में **रेंज, सटीकता, स्थिरता** और **सैल्वो मोड** में कई लक्ष्यों पर एक साथ हमला करने की क्षमता का मूल्यांकन किया गया।
- **मार्गदर्शित पिनाका शस्त्र प्रणाली:** यह एक मल्टी बैरल रॉकेट लॉन्चर सिस्टम है, जिसे **DRDO की प्रयोगशाला,** आर्मामेंट **रिसर्च एंड डेवलपमेंट एस्टेब्लिशमेंट (Armament Research and Development Establishment- ARDE) द्वारा डिज़ाइन** किया गया है।
    - **भगवान शिव के धनुष** के नाम पर रखा गया पिनाका एक **बहुमुखी और उच्च परिशुद्धता वाला रॉकेट सिस्टम** है।
- **प्रमुख विशेषताएँ:** यह अपनी गतिशीलता, तीव्र प्रतिक्रिया और दुश्मन के लक्ष्यों पर केंद्रित मारक क्षमता के लिये प्रसिद्ध है।
    - हथियार प्रणाली के प्रारंभिक संस्करण को **मारक I कहा जाता था**, जिसकी **मारक क्षमता 40 किमी.** थी।
        - उन्नत संस्करण या **पिनाका मारक II** की मारक क्षमता **70 से 80 किमी. है** , जिसे भविष्य में **120 किमी.** और **300 किमी तक बढ़ाने की योजना है।**
    - लांचर उत्पादन एजेंसियों द्वारा अपग्रेड किये गए दो इन-सर्विस पिनाका लांचरों से प्रत्येक उत्पादन एजेंसी के 12-12 रॉकेटों का परीक्षण किया गया है।

**और पढ़ें:** पिनाका रॉकेट प्रणाली

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/guided-pinaka-weapon-system